सेवा में,

माननीय जनपद न्यायाधीश,

मेरठ।

महोदय,

आज दिनांक 15.03.2022 को जनपद न्यायालय परिसर में स्थित चौदह न्यायालय भवन में कचहरी परिसर में स्थित अस्थायी दुकानों के लाईसेन्सों की ब्रिकी की नीलामी की प्रक्रिया वर्ष 2022–2023 के लिये प्रस्तावित थी। उक्त प्रक्रिया में नीलाम समिति के सदस्य पदाधिकारीगण उपस्थित है परन्तु श्री फूलचन्द पटेल, अध्यक्ष, नीलाम समिति के अवकाश पर होने के कारण नीलाम प्रक्रिया सम्पादित नहीं हो सकी।

आज की प्रक्रिया को सम्पादित कराने हेतु नीलामी का विस्तृत विज्ञापन माननीय उच्च न्यायालय एवं जनपद न्यायालय मेरठ की बेवसाईट पर अपलोड कराया गया तथा समाचार पत्र में सूचना नीलामी प्रकाशित कराते हुये विभिन्न कार्यालयों के नोटिस बोर्डों पर भी सूचना चस्पा करायी गयी।

अतः नीलाम समिति के सदस्यों द्वारा यह राय व्यक्त की गयी है कि जनपद न्यायालय मेरठ परिसर में स्थित विभिन्न दुकानों की नीलामी हेतु अन्य तिथि नियत की जाये। यदि माननीय महोदय उचित समझे तो उक्त प्रक्रिया दिनांक 24.03.2022 को सम्पन्न करायी जा सकती है।

तद्‌नुसार समिति की आख्या माननीय जनपद न्यायाधीश को अनुमोदनार्थ प्रेषित की जा रही है।

D. N. Goswami

(देवेन्द्र नाथ गोस्वामी)
सदस्य, नीलामी समिति/
सिविल जज (सी0डि0),
मेरठ

(सुरेश चन्द–द्वितीय)
सदस्य, नीलामी समिति/
अपर जिला न्यायाधीश,
न्यायालय सं0–03, मेरठ

Approved.
15/3/22

District Judge
Meerut